# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PUBLIC ADMINISTRATION (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) "शासन स्व-संगठित नेटवर्कों के प्रबंधन के संबंध में है।" विस्तार से बताइए।

"Governance is about managing self-organizing networks." Elaborate.

(b) "हर्बर्ट साइमन ने निर्णयों में प्रोग्राम या गैर-प्रोग्राम की व्याख्या के लिए द्वि-आयामी वर्गीकरण का उपयोग किया था।" व्याख्या कीजिए।

"Two-dimensional taxonomy was used by Herbert Simon to describe the degree to which decisions are programmed or non-programmed." Explain.

(c) लोक सेवा परिदान में दक्षता को वांछित स्तर पर लाने के लिए लोक सेवा अभिप्रेरण उपागम का एक अभिप्रेरक के रूप में परीक्षण कीजिए।

Examine the approach of public service motivation as an inducement to bring the desired level of efficiency in public service delivery.

(d) सैद्धांतिक रूप में 'नागरिक समाज संगठन' जनमानस और सार्वजनिक सेवा संगठनों के मध्य सहयोग का संवर्धन करते हैं, किन्तु व्यवहार में उनकी गतिविधियाँ सरकारी कार्यक्रमों के संवर्धन को सीमित करती हैं। विश्लेषण कीजिए।

In theory, the 'civil society organizations' promote cooperation between people and public service organizations, but in practice, their activities restrict the promotion of government programmes. Analyze.

(e) फेयोल और टेलर के प्रबंधन दृष्टिकोण भिन्न थे, किन्तु संगठनात्मक दक्षता का लक्ष्य एकसमान था। टिप्पणी कीजिए।

Fayol and Taylor had different management perspectives, while having similar goal of organizational efficiency. Comment.

2. (a) व्यवहारवादी उपागम द्वारा प्रशासनिक समस्याओं के विश्लेषण करने की उपयोगिता प्रश्नांकित हुई है। उपागम की कमियों और उसमें लाए गए परिवर्तनों की विवेचना कीजिए।

Behavioural approach has been questioned on the basis of its utility in the analysis of administrative problems. Discuss the weaknesses of the approach and the shifts made therein. 20

(b) लोक प्रशासन को सामूहिक संबंध, संवाद और कार्यवाही की सामाजिक रूप से अंतर्निहित प्रक्रिया के रूप में देखा गया है। तृतीय मिन्नोब्रुक सम्मेलन में बनी आम सहमति के आलोक में इस कथन का परीक्षण कीजिए।

Public administration has been viewed as a socially embedded process of collective relationship, dialogue and action. Examine the statement in light of the consensus achieved in the Third Minnowbrook Conference. 15

(c) सार्वजनिक-निजी भागीदारी परिघटना एक प्रकार की शासन योजना अथवा क्रियाविधि में परिवर्तित हो गई है। भविष्य की चुनौतियों से पार पाने की इसकी क्षमता की विवेचना कीजिए।

Public-private partnership phenomenon has been transformed into a type of governance scheme or mechanism. Discuss its capacity to overcome future challenges. 15

3. (a) एक सार्वभौमिक प्रशासनिक सिद्धान्त को प्रतिपादित करने के लिए प्रशासनिक चिन्तन की विभिन्न धाराओं का समाकलन संस्कृति के प्रभाव से बाधित होता है। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Integration of different streams of administrative thought to propound a universal administrative theory is hindered by the impact of culture. Critically examine. 20

(b) न्यायिक समीक्षा, प्रशासनिक शक्ति के अनुचित उपयोग या उसके दुष्प्रयोग की रोकथाम तथा उपयुक्त उपचार संबंधित प्रावधान प्रशासनिक विधि के मूल सिद्धान्त हैं। राज्य के विभिन्न अंग इन सिद्धान्तों को पुष्ट करने में कैसे सक्षम हैं, सिद्ध कीजिए।

Judicial review, prevention of misuse or abuse of administrative power and provision of suitable remedies are the basic principles of administrative law. Justify as how various organs of the State are able to uphold these principles. 15

(c) विनियमन, सामाजिक प्रक्रियाओं में सामाजिक समन्वय और राजनीतिक हस्तक्षेप की एक पुरानी एवं निरंतर आवश्यक विधि है। वैश्वीकरण के संदर्भ में इसका परीक्षण कीजिए।

Regulation is an old but increasingly necessary mode of social coordination and political intervention into societal processes. Examine it in the context of globalization. 15

4. (a) नव लोक सेवा प्रतिमान शासन को एक सक्रिय एवं संबद्ध नागरिकता के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें सरकारी अधिकारियों की भूमिका शासन में नागरिक सहभागिता के अवसर प्रदान करना है। व्याख्या कीजिए।

The new public service model approaches governance on the premises of an active and involved citizenship, wherein the role of public officials is to facilitate opportunities for citizens' engagement in governance. Explain. 20

(b) नव-वेबेरियन राज्य में प्रशासनिक संरचनाओं के संचालन के प्रतिमान को नागरिक आवश्यकता पूर्ण करने पर केंद्रित प्रतिमान में परिवर्तित करना सम्मिलित है। विवेचना कीजिए।

Neo-Weberian State involves changing the model of operation of administrative structures into a model focussed on meeting citizens' needs. Discuss. 15

(c) लोक प्रशासन में नेतृत्व से अधिक महत्त्वपूर्ण, रोचक या रहस्यमय कुछ भी नहीं है। रणनीतिक नेतृत्व के संदर्भ में इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

Nothing in public administration is more important, interesting or mysterious than leadership. Analyze the statement in the context of strategic leadership. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) पर्यावरण के संदर्भ में प्रशासन के अध्ययन का दृष्टिकोण विकासशील देशों के लिए विशेष रूप से अधिक उपयोगी है। टिप्पणी कीजिए।

The approach to the study of administration in its environmental context is especially more useful for developing countries. Comment.

(b) लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों ने विकास की एक सुदृढ़ नींव रखी है। विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए।

Gender equality and women's rights have laid down a strong foundation of development. Elaborate.

(c) निष्पादन-प्रदर्शन मूल्यांकन को केवल लम्बवत् पदोन्नति के लिए अधिकारी की उपयुक्तता से परे देखा जाना चाहिए। व्याख्या कीजिए।

Performance appraisal needs to be seen beyond the mere suitability of the official for vertical promotion. Explain.

(d) इस आशय पर व्यापक सहमति है कि सरकार को उन वस्तुओं को उपलब्ध कराना चाहिए जिसे बाजार प्रदान करने में विफल रहता है या कुशलता से प्रदान नहीं करता है। तर्क दीजिए।

It is widely agreed that the government ought to provide the goods that market fails to provide or does not provide efficiently. Argue.

(e) तकनीकी प्रगति के कारण एम० आइ० एस० विकसित हुआ और अपने पारंपरिक लाभों से बहुत आगे निकल गया है। समीक्षा कीजिए।

MIS has evolved and gone far beyond its traditional advantages due to technological advancements. Comment.

6. (a) लागत नियंत्रण और सार्वजनिक व्यय कटौती की प्रमुखता से सरकारी बजट का ध्यान संसाधनों के पुनः आबंटन, आर्थिक स्थिरता लाने और सामाजिक समानता संवर्धन के मूल उद्देश्यों से हट गया है। परीक्षण कीजिए।

Emphasis on cost control and reducing public expenditure has diverted the focus of government budgets from the basic objectives of reallocation of resources, bringing economic stability and promoting social equity. Examine. 20

(b) आधुनिक संदर्भ में, रिग्सियन शब्दावली पूर्ण रूप से लुप्त नहीं हुई है बल्कि नए अर्थों के साथ विभिन्न रूपों में उभरी है। विवेचना कीजिए।

In modern context, Riggsian terms have not altogether disappeared, but have emerged in different forms with newer meanings. Discuss. 15

(c) आर्थिक विकास की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता सुदृढ़ राज्यों एवं सुदृढ़ बाजार अर्थव्यवस्थाओं का एक स्पष्ट सहजीवी उद्भव है। विश्लेषण कीजिए।

A striking feature of economic development is an apparent symbiotic evolution of strong States and strong market economies. Analyze. 15

7. *(a)* नीतिगत समस्याएँ तेजी से हानिकारक होने की ओर प्रवृत्त हो रही हैं। ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए राज्य की क्षमता और तत्परता की विवेचना कीजिए।

Policy problems are increasingly tending towards being wicked. Discuss the capacity and preparedness of the State to tackle such problems. 20

*(b)* शून्य-आधारित बजट का उद्देश्य क्रमिक वृद्धिकता से परे होना था, परन्तु यह किसी भी बजटीय उपागम की तुलना में सबसे अधिक वृद्धिशील होने के कारण समाप्त हो गया। विवेचना कीजिए।

Zero-based budgeting was intended to get away from incrementalism, but ended up being the most incremental of any budgetary approach. Discuss. 15

*(c)* आइ० सी० टी० में शासन को परिवर्तित करने और नागरिकों को सशक्त बनाने की अपार संभावनाएँ हैं। परीक्षण कीजिए।

ICT has immense potential to transform governance and empower citizens. Examine. 15

8. *(a)* एस० डी० जी० के उद्देश्यों की सफल प्राप्ति मुख्य रूप से संबद्ध कर्ताओं की बुद्धिमत्ता, अनुभव और दूरदर्शिता तथा कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोग करने की उनकी इच्छा पर निर्भर करती है। विश्लेषण कीजिए।

The successful attainment of SDGs objectives largely depends upon the wisdom, experience and farsightedness of the actors involved and their willingness to cooperate in the implementation process. Analyze. 20

*(b)* समूह, नीति एजेंडे के अंतर्गत मुद्दे उठाने के लिए कार्य करते हैं या अन्य समूहों को मुद्दे रखने के अवसर से वंचित करने का प्रयास करते हैं। इस पृष्ठभूमि में, विकासशील देशों में कार्यसूची (एजेंडा) निर्धारण में हित समूहों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Groups work to elevate issues on the policy agenda or seek to deny other groups the opportunity to place issues. In this background, discuss the role of interest groups in agenda setting in the developing countries. 15

*(c)* सिविल सेवक प्रायः उन राजनीतिक कार्यपालकों के मूल्यों और नैतिक रूपरेखा का प्रदर्शन करते हैं, जिनके अधीन वे कार्यरत हैं। व्याख्या कीजिए।

Civil servants generally tend to exhibit the values and ethical framework of the political executives under whom they function. Explain. 15

* * *